## पीएम मोदी की कार डिप्लोमेसी बनी ग्लोबल ट्रेंड... रूस, ब्रिटेन के बाद UAE के राष्ट्राध्यक्ष के साथ दिखी केमिस्ट्री



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल चीन में आयोजित हुए एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे. इस दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक कार में सफर करने का जो तरीका अपनाया गया, वह अब अन्य विश्व नेताओं में पॉपुलर हो गया और 'कार डिप्लोमेसी' का नया ट्रेंड बन गया है. इस अनौपचारिक, लेकिन प्रभावशाली डिप्लोमेटिक स्टाइल ने अंतरराष्ट्रीय रिश्तों को और अधिक व्यक्तिगत और दोस्ताना बनाने में मदद की है. सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की दिल्ली में हुई संक्षिप्त यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एयरपोर्ट पर उनका व्यक्तिगत स्वागत किया और उन्हें कार में साथ लेकर निकले. यह दर्शाता है कि भारत और यूएई के बीच बढ़ती घनिष्ठता में नया अध्याय जुड़ रहा है.


परम धर्म श्रुति बिदित अहिंसा । पर निंदा सम अघ न गरिसा ।।
धरमु न दूसर सत्य समाना । आगम निगम पुराण बखाना ।।
जेहि बिधि प्रभु प्रसन्न मन होई । करूणा सागर कीजि सोइ ।।
|| मानस सनातन धर्म || Ram Katha 971- New Delhi || ॐमोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com


वर्ष : 11 अंक : 187 | इंदौर, मंगलवार 20 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# "राममंदिर पत्थर से बन सकता है, पर रामराज्य चरित्र से बनता है"

**मानस सनातन धर्म – राम कथा - नई दिल्ली**

भारत मंडपम, नई दिल्ली में श्री लोकेश मुनि जी की अध्यक्षता में आयोजित तृतीय दिवस रामकथा में विश्वविख्यात परमपूज्य मोरारी बापू ने कथा की रस धार बहाते हुए कहा कि -

"सत्य, प्रेम और करुणा के माध्यम से ही विश्व-कल्याण हो सकता है कथा में रामचरितमानस के बालकाण्ड और अयोध्याकाण्ड के प्रारंभिक प्रसंगों के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि श्रीराम केवल एक ऐतिहासिक चरित्र नही, बल्कि सनातन जीवन-दर्शन के सजीव आदर्श हैं।




@ महेंद्र आर पालीवाल "एमआरपी" (प्रबंध संपादक - DGR मीडिया समूह)





कथा में बापू ने बताया गया कि श्रीराम का अवतरण यह सिखाता है कि सत्य संघर्ष से नही, शील से स्थापित होता है।

आज की कथा में गुरु वशिष्ठ, माता कौशल्या और राजा दशरथ के माध्यम से संस्कारों की भूमिका को गहराई से समझाते हुए यह कहा गया कि

"गुरु बिना ज्ञान नही, संस्कार बिना जीवन नही।" साथ ही यह भी बताया गया कि सनातन परंपरा में परिवार ही प्रथम आश्रम है।

मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ

बापू ने स्पष्ट किया कि मर्यादा का अर्थ बंधन नही, बल्कि स्वेच्छा से धर्म का पालन है। "जो कर सकता है वही महान नही,जो करना चाहिए वही श्रीराम है।"

राम राज्य को केवल शासन व्यवस्था नही, बल्कि मानवीय मूल्यों की व्यवस्था बताया गया। "राम राज्य वहाँ है, जहां निर्बल भी निडर हो।"

आज के तनाव, हिंसा और स्वार्थ के युग में राम का मार्ग ही शांति का मार्ग है।

"राममंदिर पत्थर से बन सकता है, पर रामराज्य चरित्र से बनता है।"

आज की कथा ने श्रोताओं को यह अनुभूति कराई कि सनातन धर्म कोई अतीत नही, बल्कि वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक सत्य है।राम कथा – मन को शुद्ध करने का साधन है।*

इस अवसर पर मुनि श्री लोकेश जी महाराज से भेंट कर के DGR अखबार के बारे में भी अवगत कराया गया।





# चार महत्वपूर्ण फ्लाईओवर्स का निर्माण जून तक होगा पूरा

## कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने किया अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण- गुणवत्ता के साथ आगामी जून तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज इंदौर शहर में निर्माणाधीन चार प्रमुख फ्लाईओवरों का मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी फ्लाईओवर आगामी जून माह तक पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।**

इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, एसडीएम श्री प्रदीप सोनी, अपर आयुक्त नगर निगम श्री अभय राजनगांवकर सहित ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम, प्रशासन, निर्माण एजेंसी एमपीआरडीसी और अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निरीक्षण के दौरान देवास नाका, सत्य साईं चौराहा, मूसाखेड़ी, और क्रिस्टल आईटीआई पार्क चौराहा पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की । कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि ये सभी फ्लाईओवर्स



शहर की यातायात व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनके पूर्ण होने से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

बैठक में निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं, छोटे-छोटे रिमूवल (अतिक्रमण/संरचनाएं हटाने), वैकल्पिक व्यवस्थाओं और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने की रणनीति पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि नागरिकों की सुविधा सर्वोपरि है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। ट्रैफिक संचालन के लिए गार्ड तैनात किए जाएं, ताकि यातायात सुचारु रहे। धूल उड़ने से रोकने के लिए नेटिंग और आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएं। सर्विस लेन पर पैच रिपेयरिंग और डामरीकरण कर ट्रैफिक को सुचारू बनाया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य भले ही वर्तमान में समय-सीमा से पीछे चल रहा हो, लेकिन प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ इसे तेजी से पूरा करने के लिए प्रयासरत है। आने वाले दिनों में नियमित समीक्षा कर प्रगति की निगरानी की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि चारों फ्लाईओवरों में मुख्य बाधाएं छोटी-छोटी रिमूवल और वैकल्पिक स्थान व्यवस्था से जुड़ी हैं। इन सभी बिंदुओं पर निर्णय लिए गए हैं और जैसे ही ये बाधाएं हटेंगी, कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने मूसाखेड़ी चौराहा पार करने के लिए पैदल नागरिकों के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माणाधीन फ्लाईओवर के सर्विस रोड़ पर पर्याप्त लाईटिंग भी की जाए।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जून माह तक ये सभी फ्लाईओवर्स का निर्माण पूर्ण हों। निर्देश दिए गए है कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं हो। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि नागरिकों को कम से कम असुविधा हो, यह हमारी प्राथमिकता है। प्रशासन इंदौर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है।

# सहकार भारती की बैठक सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सहकार भारती के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक चौरसिया अपने इन्दौर प्रवास के दौरान सहकार भारती महानगर नगर इकाई से भेंट की एवं सहकार भारती द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष शेखर किबे, महानगर अध्यक्ष अभिनव शुक्ला, उपाध्यक्ष दिनेश त्रिपाठी, अनिल भोजे, कोषाध्यक्ष हरिश पुरोहित, रमेशचन्द्र मालवीय, जवाहर गुप्ता, सहकार भारती महानगर महिला अध्यक्ष उष्मा गोविन्द मालू, उपाध्यक्ष ज्योति भोरास्कर एवं नगर के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर महामंत्री चौरसिया जी ने महानगर कार्यकारिणी द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं आगामी लक्ष्यों को पूर्ण करने हेतु मार्गदर्शन किया। यह जानकारी मिडिया प्रभारी अनिल देशमुख ने दी।

## ड्रग्स पार्टी से जुड़े मामले में नए-नए खुलासे

# 'आंटी' नेटवर्क की एंट्री, युवतियों के मोबाइल में मिले वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **वीकेंड पर भोपाल से इंदौर पार्टी करने आए बिल्डर अबान शकील की गिरफ्तारी के बाद ड्रग्स पार्टी से जुड़े मामले में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। सबसे पहले कनाड़िया थाना पुलिस ने अबान शकील को पकड़ा था। उसकी निशानदेही पर वैभव उर्फ बाबा और दो युवतियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पकड़े जाने के बाद इस पूरे मामले में कई और नाम सामने आए हैं।**

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने गिरफ्तारी से पहले रतलाम स्थित एक फार्म हाउस पर पार्टी की थी। यह फार्म हाउस दानिश नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है, जहां ड्रग्स का इस्तेमाल किया गया। पुलिस अब फार्म हाउस संचालक की तलाश कर रही है। युवतियों के मोबाइल फोन से इस पार्टी के वीडियो भी बरामद हुए हैं। जांच के दौरान वैभव उर्फ बाबा के पास से 31 दिसंबर का एक वीडियो भी मिला है, जिसमें इंदौर में आयोजित एक पार्टी के दौरान एमडी ड्रग्स के इस्तेमाल की बात सामने आई है। इस वीडियो में अबान शकील, वैभव उर्फ बाबा और अन्य युवतियां भी नजर आ रही हैं। पुलिस के अनुसार अबान शकील की पहचान वैभव उर्फ बाबा से हर्षद नामक व्यक्ति ने कराई थी। हर्षद खुद भी एमडी ड्रग लेने का आदी बताया जा रहा है और पार्टी करने का शौकीन है। इसी दौरान उसने अबान की मुलाकात बाबा से कराई थी। फिलहाल कनाड़िया पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है और इस ड्रग्स पार्टी रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। पूछताछ में युवतियों ने एक 'आंटी' का भी जिक्र किया है। लसूड़िया और विजयनगर क्षेत्र में सक्रिय इस महिला को पुलिस करीब छह महीने पहले गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बताया जा रहा है कि वह इस पूरे रैकेट का बड़ा नाम है और अपने नेटवर्क में कई लड़कियों को फंसा चुकी है। बाबा और युवतियों के मोबाइल से मिले वीडियो, फोटो और चैटिंग में 'आंटी' की सक्रिय भूमिका के संकेत मिले हैं। हालांकि पुलिस इस एंगल पर अभी गहन जांच कर रही है।

# हंसदास मठ परिसर में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ

## निकली पवित्र नदियों के जल से भरे कलश की शोभा यात्रा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **एयरपोर्ट रोड पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ के दसवें लोकार्पण दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार से श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का दिव्य अनुष्ठान हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में मठ परिसर में शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ, जो 23 जनवरी तक चलेगा। गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ भी महायज्ञ के साथ हुआ।**

मठ के पं. अमितदास महाराज ने बताया कि मठ स्थित भगवान रणछोड़जी एवं चिंतारहण पंचमुखी हनुमानजी को समर्पित यह अनुष्ठान आज से प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक यज्ञाचार्य पं. विवेक कृष्ण शास्त्री के निर्देशन में विद्वान आचार्यों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। सोमवार को बड़ी संख्या में यज्ञ में शामिल यजमानों एवं मठ से जुड़े श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों के जल से भरे कलश मस्तक पर धारण कर कलश यात्रा निकाली। यात्रा में मठ से जुड़े संत, महंत, विद्वान एवं श्रद्धालु यज्ञ देवता तथा लक्ष्मीनारायण का जयघोष करते हुए शामिल हुए। यज्ञ के यजमान समूह में श्रीमती वर्षा शर्मा, अनंत महंत एवं विनोद कुमार जोशी शामिल हैं जिन्होंने विद्वान आचार्यों के निर्देशन में यज्ञ कुंड एवं उसके पूर्व यज्ञ शाला में विधि विधान से पूजन कर लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में आहुतियाँ समर्पित करने का क्रम प्रारंभ किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ देवता के जयघोष के बीच यज्ञ शाला की परिक्रमा भी की। मठ को पुष्पों एवं विद्युत सज्जा से श्रृंगारित किया गया है। बसंत पंचमी पर 23 जनवरी को सुबह 9 बजे से विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत के आतिथ्य में ब्राहमण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी होगा।

# सड़क हादसे में घायल युवती की इलाज के दौरान मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सनावद से रविवार सुबह एक युवती लापता हो गई। शाम में सूचना मिली कि उसे सनावद के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से सोमवार सुबह एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई। वहीं, उसका साथी युवक का एमवाय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि सनावद के ग्राम धनगांव में अर्चना वाहन हादसे का शिकार हुई थी। उसके साथ दोस्त शुभम उर्फ शिवम नवल भी था। दोनों की बाइक को एक वाहन ने टक्कर मार दी थी। एमवाय चौकी पुलिस के मुताबिक, मृतिका अर्चना (19) पुत्री रमेश चौहान, निवासी सुतारखेड़ा, जिला खंडवा है। उसे सनावद के सिविल अस्पताल से सोमवार सुबह करीब छह बजे एमवाय अस्पताल लाया गया था, जहां सुबह करीब नौ बजे उसकी मौत हो गई। अर्चना ग्राम सुतारखेड़ा में अपने दादा-दादी के साथ रहती थी। उसके पिता जलगांव में रहते हैं। रविवार को सुतारखेड़ा में समाज की बैठक थी, जिसमें दादा-दादी और चाचा शामिल होने गए थे। इसी दौरान अर्चना घर से चली गई। शाम को जब परिवार घर लौटा तो अर्चना घर पर नहीं थी। परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद परिवार नजदीकी पुलिस चौकी पहुंचा, जहां पुलिस ने तलाश करने की बात कहकर उन्हें वापस भेज दिया।

परम धर्म श्रुति बिदित अहिंसा । पर निंदा सम अघ न गरिसा ।।
धरमु न दूसर सत्य समाना । आगम निगम पुराण बखाना ।।
जेहि बिधि प्रभु प्रसन्न मन होई । करुणा सागर कीजि सोइ ।।
|| मानस सनातन धर्म || Ram Katha 971- New Delhi || ॐमोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 187 | इंदौर, मंगलवार 20 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## जनता का हित सर्वोपरि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। बीआरटीएस कौन हटाएगा और कब तक हटेगा यह अब भी स्पष्ट नहीं है। अधिकारी कह रहे हैं कि एलिवेटेड कारिडोर बनना है इसलिए बीआरटीएस को पूरी तरह से नहीं हटा सकते, लेकिन उन्हें भी नहीं पता कि कारिडोर तब तक तैयार होगा और तब तक शहर के बदहाल यातायात का जिम्मेदार कौन होगा।

बीआरटीएस हटाने और एलिवेटेड कारिडोर में हो रही लेटलतीफी को लेकर नाराजगी जताते हुए कोर्ट ने यह तक कह दिया कि न एलिवेटेड कारिडोर बनेगा न बीआरटीएस बनेगा, जनता यूं ही परेशान होती रहेगी। सुनवाई एक घंटे से ज्यादा समय तक चली। इस दौरान कोर्ट ने बार-बार यह कहा कि यह जनहित याचिका है और हमारे लिए जनता का हित सबसे ऊपर है। हम उसे यूं ही परेशान नहीं होने दे सकते। कोर्ट ने मुख्य सचिव से कहा कि वे पीडब्ल्यूडी और नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिवों से समन्वय कर एलिवेटेड कारिडोर निर्माण और बीआरटीएस हटाने के संबंध में निर्णय लें, ताकि जनता को राहत मिल सके। कोर्ट ने निगमायुक्त से भी कहा कि वे बीआरटीएस हटाने का ठेका लेने वाले ठेकेदार से चर्चा करें और देखें कि बीआरटीएस हटाने का काम कैसे आगे बढ़ सकता है। कोर्ट इस मामले में 28 जनवरी को फिर सुनवाई करेगी। बीआरटीएस हटाने और शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था को लेकर चार अलग-अलग जनहित याचिकाएं हाई कोर्ट में चल रही हैं। सोमवार को भोजनावकाश के तुरंत बाद इन याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई शुरू हुई। कोर्ट के आदेश पर कलेक्टर शिवम वर्मा, निगमायुक्त क्षितिज सिंघल, पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर बार-बार कोर्ट को यह बताने का प्रयास करते रहे कि एलिवेटेड कारिडोर का काम अगले माह से शुरू हो जाएगा, जब तक यह काम पूरा नहीं हो जाता तब तक बीआरटीएस को पूरी तरह से नहीं हटाया जा सकता। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई और कहा कि हम भी जानते हैं कि कारिडोर बनने में कितना समय लगेगा।

## मास्टर प्लान की सड़कों पर गंदगी देख भड़के इंदौर निगमायुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। स्वच्छता में आठ बार देश में नंबर वन रह चुके इंदौर में सफाई में लापरवाही का मामला सामने आने पर नगर निगम आयुक्त सख्त नजर आए। सोमवार को नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल अधिकारियों के साथ मास्टर प्लान की सड़कों और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान सड़क पर कचरा और गंदगी फैली मिली, जिसे देखकर निगमायुक्त नाराज हो गए और कड़ा रुख अपनाते हुए दो सफाई दरोगाओं का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। सोमवार को निगमायुक्त जोन क्रमांक 2 और जोन क्रमांक 12 में सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। निरीक्षण के दौरान मास्टर प्लान की सड़कों पर जगह-जगह कचरा बिखरा हुआ मिला। इस पर निगमायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाई और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, प्रभारी योजना शाखा नरेश जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी गौतम भाटिया, उपयंत्री पराग अग्रवाल सहित निगम के अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

डॉ. यादव ने दिल्ली विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश के छात्रों को किया संबोधित

# युवाओं को सक्षम बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

- प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं हैं उपलब्ध
- प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने प्रत्येक वैश्विक मंच पर स्थापित की अपनी साख
- 21वीं सदी भारत की होगी स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी भी हो रही है साकार
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश के छात्रों को किया संबोधित
- मध्यांचल स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया मध्यांचल उत्सव-2026




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी कि 21वीं सदी भारत की होगी, आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार होती दिखाई दे रही है। प्रत्येक वैश्विक मंच पर भारत ने अपनी साख स्थापित की है और प्रधानमंत्री श्री मोदी विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल हैं। भारत आज विश्व का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो विश्व का सबसे युवा लोकतांत्रिक देश है और प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रभावी रूप से इस युवा लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के कोने-कोने से आए युवा संगठित होकर दिल्ली में अध्ययन कर रहे हैं, यह प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि इतने बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं से हुई भेंट ने उनकी दिल्ली यात्रा को सार्थक बना दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शंकरलाल सभागार में मध्यप्रदेश के अध्ययनरत छात्रों के संगठन मध्यांचल स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मध्यांचल उत्सव-2026 को संबोधित कर रहे थे। मध्यांचल उत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है और राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं के साथ है। युवाओं को सक्षम बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा हमारा लक्ष्य है कि मध्यप्रदेश का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बनें। युवा, कृषि-टेक्नोलॉजी एवं चिकित्सा जैसे सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ें, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित विश्व स्तर पर हो रहे सभी नवाचारों में दक्ष हो और देश और प्रदेश को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें, यही हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य की उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि राज्य में सिंचाई के रकबे में वृद्धि हुई है। आगामी 5 वर्षों में प्रदेश का बजट दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल के तहत अधिक से अधिक मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे। सरकार का लक्ष्य नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के माध्यम से राज्य में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाना है। उन्होंने बताया राज्य में टेक्सटाइल उद्योग स्थापित करने पर प्रतिमाह 5 हजार प्रति श्रमिक के लिए सरकार द्वारा सहयोग राशि दी जाएगी, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# सैंपल रिपोर्ट में साफ पानी : भागीरथपुरा में टंकी से शुरू हुई सप्लाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो गई है। बस्ती के तीस प्रतिशत हिस्से में बिछाई गई नर्मदा लाइन से सप्लाई शुरू हो गई है। दो दिन पहले नगर निगम अफसरों ने नल से पानी के सैंपल भी लिए थे।**

रिपोर्ट में भी साफ़ पानी आया है, हालांकि अभी भी रहवासियों को टैंकरों के पानी का उपयोग करने के लिए कहा जा रहा है। उधर अब नए मरीज मिलना भी कम हो गए हैं। दिनभर मरीजों से भरा रहने वाला बस्ती का आयुष्मान क्लीनिक भी अब खाली रहने लगा है। दिन में तीन-चार



मरीज ही परेशानियां लेकर आ रहे हैं।

रविवार को उल्टी-दस्त के दो मरीज आए, लेकिन उनमें लक्षण कम थे। उनका इलाज घर पर ही किया जा रहा है। आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या भी कम होती जा रही है। अब छह मरीज आईसीयू में भर्ती हैं। उनमें से तीन की हालत गंभीर है, हालांकि उन्हें दूसरी बीमारियां भी हैं। अब तक बस्ती में दूषित पानी पीने से 24 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें ज्यादातर महिलाएं हैं। मृतकों में तीन की उम्र 40 साल से कम है। इनमें छह माह का शिशु भी शामिल है, जबकि बाकी मरीजों की उम्र 50 से 81 साल तक रही है। बस्ती में डायरिया के मरीज सामने आने पर नगर निगम ने पाइप लाइनों की जांच कराई थी। जिनमें मुख्य लीकेज बगीचे के पास था। पुलिस चौकी का शौचालय नर्मदा लाइन पर बना लिया गया था। शौचालय तोड़कर लीकेज ठीक किया गया, लेकिन लाइन में दूसरी जगह भी लीकेज मिले थे। इसके बाद निगम ने टंकी से बस्ती तक वितरण के लिए नई लाइन बिछाई है। जिससे बस्ती के 30 प्रतिशत हिस्से में सप्लाई हो रही है। पूरी बस्ती की लाइन बदलने में दो माह का समय लगेगा। जगह-जगह खुदाई होने के कारण टैंकरों से भी जल वितरण करने में परेशानी आ रही है।

# दावोस में मध्यप्रदेश के निवेश और नवाचार एजेंडे पर फोकस

## सीएम डॉ. मोहन यादव आज जाएंगे दावोस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (WEF)-2026 के दौरान दावोस में मध्यप्रदेश को नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि-खाद्य और टेक्नोलॉजी निवेश के एक उभरते केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों और वैश्विक कंपनियों के बीच महत्वपूर्ण बैठकें हो रही हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 20 जनवरी को दावोस पहुंचेंगे और राज्य के लिए निवेश, तकनीक और रोजगार से जुड़े अहम संवादों में भाग लेंगे।



### सीएम का दावोस दौरा अहम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 20 जनवरी को दावोस पहुंचने के बाद इन चर्चाओं को और गति मिलने की उम्मीद है। सीएम निवेशकों से सीधे संवाद कर मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश, नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा और टेक्नोलॉजी के प्रमुख केंद्र के रूप में प्रस्तुत करेंगे। यह दौरा राज्य के लिए रोजगार, निवेश और दीर्घकालिक विकास की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### एआई आधारित प्रोटीन नवाचार पर शिरू कंपनी से चर्चा

दावोस में मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने एआई आधारित प्रोटीन नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी शिरू (Shiru) की सीईओ और संस्थापक डॉ. जैस्मिन ह्यूम से मुलाकात की। इस बैठक में उन्नत प्रोटीन नवाचार, कृषि आधारित इनपुट्स और अनुप्रयुक्त अनुसंधान पर विस्तार से चर्चा हुई। शिरू कंपनी ने अपने एआई-संचालित प्रोटीन खोज और डिजाइन प्लेटफॉर्म की जानकारी दी, जिसके जरिए उद्योगों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले, सीधे उपयोग किए जा सकने वाले प्रोटीन विकसित किए जाते हैं। कंपनी ने बताया कि उसके प्रोटीन पोर्टफोलियो का लगभग 77 प्रतिशत हिस्सा प्राकृतिक स्रोतों पर आधारित है। साथ ही तकनीक लाइसेंसिंग और पूंजी-कुशल उत्पादन मॉडल की क्षमता भी कंपनी की बड़ी ताकत है। डॉ. जैस्मिन ह्यूम ने बताया कि इन प्रोटीन नवाचारों का उपयोग मुख्य रूप से खाद्य क्षेत्र में किया जा रहा है, जबकि सौंदर्य प्रसाधन और स्वास्थ्य क्षेत्रों में भी इसके बड़े अवसर हैं। कंपनी के वैश्विक नेटवर्क में यूरोपीय संघ, कनाडा, लैटिन अमेरिका, एशिया और भारत जैसे प्रमुख बाजार शामिल हैं।

### कृषि और अनुसंधान में मध्यप्रदेश को लेकर रुचि

शिरू की सीईओ ने मध्यप्रदेश की मजबूत कृषि व्यवस्था में गहरी रुचि दिखाई। चर्चा में राज्य के विश्वविद्यालयों और कृषि अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोग, फसल आधारित प्रोटीन इनपुट्स की पहचान, पायलट प्रोजेक्ट और भविष्य में उत्पादन केंद्र विकसित करने पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने आगे की कार्ययोजना पर जल्द बैठक करने का निर्णय लिया।

### नवीकरणीय ऊर्जा और बैटरी स्टोरेज पर अमारा राजा समूह से मंथन

WEF-2026 के दौरान नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला और अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने अमारा राजा समूह के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर जय गल्ला से मुलाकात की। बैठक में नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी स्टोरेज और भविष्य की ऊर्जा जरूरतों पर चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने बताया कि मुरैना (उत्तरी मध्यप्रदेश) में बैटरी स्टोरेज परियोजना संचालित की जा रही है, जिससे शाम और सुबह के पीक समय में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य का लक्ष्य 24 घंटे नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराना है और भविष्य की सभी परियोजनाएं स्टोरेज के साथ विकसित की जाएंगी। बैठक में पंप स्टोरेज नीति, जलविद्युत-सौर और तापीय-सौर जैसे हाइब्रिड मॉडलों पर भी चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने आगे भी तकनीकी आंकड़ों के आदान-प्रदान और सहयोग पर सहमति जताई।

### एचसीएल टेक ने मध्यप्रदेश को बताया उभरता टेक हब

दावोस दौरे के पहले दिन मध्यप्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एचसीएल टेक के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट अभय चतुर्वेदी से चर्चा की। बैठक में मध्यप्रदेश को टियर-2 टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया गया। एचसीएल टेक ने बताया कि कंपनी टियर-2 शहरों में विस्तार के अवसर तलाश रही है और मध्यप्रदेश को एक संभावनाशील गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है। राज्य सरकार ने कुशल मानव संसाधन, बेहतर बिजली आपूर्ति, कनेक्टिविटी, जीसीसी पॉलिसी, सिंगल विंडो सिस्टम और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की जानकारी साझा की। एचसीएल टेक ने मध्यप्रदेश में भविष्य के टेक्नोलॉजी सेंटर्स और ऑफशोर डेवलपमेंट सेंटर्स स्थापित करने में रुचि जताई।

## गर्भवती और नवजात की देखरेख में लापरवाही, 106 को नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुर, एजेंसी।** जिले में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखरेख में बरती जा रही लापरवाही को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए 106 मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। यह कार्रवाई पिछोर और खनियाधाना विकासखंडों में हुई संयुक्त समीक्षा बैठक के बाद की गई है। कलेक्टर के निर्देशों के पालन में स्वास्थ्य विभाग ने कुल 106 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इनमें 16 आशा सुपरवाइजर, 18 एएनएम, 7 सीएचओ सहित अन्य मैदानी कर्मचारी शामिल हैं। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में पिछोर एवं खनियाधाना विकासखंडों में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा पंचायत विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित हुई थी। बैठक में शिशु मृत्यु दर, गर्भवती महिलाओं की समग्र आईडी अद्यतन, 70 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण में गंभीर लापरवाहियां सामने आईं। इस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

## बचपन का प्यार पाने के लिए मुस्लिम युवती ने अपनाया सनातन धर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले का महादेवगढ़ मंदिर एक बार फिर धर्म परिवर्तन और विवाह को लेकर चर्चा का विषय बन गया है। युवती का नाम सफीना है, जो मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की निवासी है। महादेवगढ़ पहुंचने के बाद उसने महादेवगढ़ के संचालक अशोक पालीवाल से मुलाकात की। इसके बाद मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ युवती ने सनातन धर्म में घर वापसी की। इस दौरान सफीना ने अपना नाम बदलकर सिमरन रख लिया। धर्म परिवर्तन के बाद सिमरन ने अपने बचपन के मित्र संत कुमार ठाकुर से विवाह किया। विवाह समारोह महादेवगढ़ मंदिर परिसर में आयोजित किया गया, जहां वैदिक परंपराओं के अनुसार सात फेरे और वरमाला की रस्म पूरी की गई। मंदिर समिति और महादेवगढ़ की टीम की मौजूदगी में यह पूरा आयोजन संपन्न हुआ।

## उज्जैन में कारोबारी की ₹11.50 लाख की कार फूंकी

● सफेद कपड़ा लपेटकर बाइक से आए थे बदमाश, CCTV में रिकॉर्ड हुई घटना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन के गारमेंट और रियल एस्टेट कारोबारी नरेश धनवानी की कार में रविवार देर रात बदमाशों ने आग लगा दी। आगजनी की इस घटना में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई।**



वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें दो बदमाश कार में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाते नजर आ रहे हैं। घटना एलपी भार्गव नगर की है। नरेश धनवानी की कार (MP 13 P 1313) घर के बाहर खड़ी थी। रात करीब 2.30 से 3 बजे के बीच दो बदमाश सफेद कपड़े लपेटे हुए बाइक पर पहुंचे। पहले उन्होंने कार का कांच तोड़ा, फिर उसमें पेट्रोल डालकर आग लगा दी। कुछ ही मिनटों में पूरी कार धधक उठी। कार हुंडई वर्ना 2013 मॉडल है। इसकी कीमत 11.50 लाख रुपए बताई जा रही है।

## पिकअप वाहन में नाबालिग से दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़, एजेंसी।** जिले के माचलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ पिकअप वाहन में दुष्कर्म करने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना रविवार रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घटना के समय 14 साल की नाबालिग अपने घर पर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान गांव के ही सूरज मालवीय ने उसे मोबाइल फोन कर बाहर घूमने चलने की बात कही। फोन आने पर किशोरी घर के बाहर निकली, जहां आरोपी पिकअप वाहन लेकर पहले से खड़ा था। भरोसा होने पर किशोरी उसके वाहन में बैठ गई।

## डॉक्टर ने बिल्लो रानी...गाने पर महिला संग डांस किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** जिले में रविवार रात एक वेटरनरी डॉक्टर तेज साउंड पर बिल्लो रानी कहो तो अभी जान दे दूं...राणा जी मुझे माफ करना... जैसे गानों पर दोस्त की पत्नी के साथ डांस कर रहे थे। इस पर पड़ोसियों ने पुलिस बुला ली। लोगों ने पुलिस को बताया कि यहां मुजरा जैसी गतिविधियां चल रही हैं। इसके बाद पुलिस आरोपियों को अपने साथ थाने ले गई। घटना दलौदा स्थित अंबिका नगर क्षेत्र की है। रहवासियों ने बताया कि मकान सुनील टेलर नाम के शख्स का है। यहां किराए



से दंपती रहते हैं। रात करीब 10 बजे उनके यहां जैसे पुरानी फिल्मों में दर्शाया जाता था, ठीक उसी प्रकार मुजरा चल रहा था। महिला डॉक्टर रमेश के साथ 'बिल्लो रानी और राणा जी माफ करना जैसे गानों पर झूम रही थी' जबकि उसका पति भी वहीं पर था।

सूचना मिलते ही दलौदा पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि यहां डांस चल रहा था। पुलिस कार्रवाई के दौरान घटना स्थल पर भारी भीड़ भी इकट्ठा हो गई। पुलिस ने भीलवाड़ा निवासी अनिल कीर, उसके डॉक्टर दोस्त रमेश भील (निवासी दलौदा) और अनिल की पत्नी को हिरासत में ले लिया। पता चला है कि दंपती दूसरे जिले से आकर दलौदा में किराए से रह रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, रमेश भील पशु चिकित्सक है जो कि अफजलपुर थाना क्षेत्र के रातीखेड़ी में पशुपालन विभाग में पदस्थ है।

## लड़की से गैंगरेप वीडियो भी बनाया

**सतना।** मैहर में 14 साल की नाबालिग लड़की से गैंगरेप का मामला सामने आया है। दरअसल, नाबालिग लड़की को उसके दो दोस्त बाइक से पहाड़ी पर घुमाने ले गए थे। लौटते समय 3 लोगों ने रास्ते में उन्हें रोक लिया। लड़की से अश्लील हरकत की। दोस्तों ने रोका तो उन्हें पीटा। इसके बाद तीन आरोपियों ने बारी-बारी से लड़के के साथ रेप किया। पुलिस ने दो दोस्तों सहित 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। साथ ही तीन लोगों को हिरासत में लिया है। दो की तलाश जारी है। मामला शनिवार शाम का है। पुलिस के अनुसार, लड़की शनिवार शाम घर से सब्जी लेने के लिए निकली थी। इस दौरान रास्ते में उसके दो दोस्त मिल गए।

## संपादकीय

# वैश्विक व्यापार युद्ध के बीच उभरता नया गठबंधन

अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच चल रहे टैरिफ़ युद्ध की वजह से 27 देशों के यूरोपीय संघ में भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है। वहीं, भारत और यूरोपीय संघ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के लिए चल रही लंबी बातचीत के अंतिम चरण में हैं। व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका द्वारा यूरोपीय निर्यात पर आक्रामक रुख अपनाने के बाद यूरोपीय संघ के पास भारत सहित अन्य देशों के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत करने का अतिरिक्त प्रोत्साहन है। बदलती भू-राजनीति में भारत के यूरोपीय यूनियन के साथ संबंध और बेहतर हो सकते हैं। द इकनॉमिक टाइम्स की एक खबर के अनुसार, 17 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड से आयात पर 10% टैरिफ की घोषणा की। इन देशों द्वारा डेनमार्क के ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे को रोकने के फैसले का समर्थन करने के बाद ट्रंप ने स्पष्ट रूप से इस टैरिफ को ग्रीनलैंड से जोड़ दिया। अमेरिकी टैरिफ 1 फरवरी से लागू होगा और 1 जून को बढ़कर 25% हो जाएगा। यह तब तक जारी रहेगा जब तक अमेरिका ट्रंप द्वारा 'ग्रीनलैंड की पूर्ण खरीद' कहे जाने वाले सौदे को हासिल नहीं कर लेता। रेडीमेड कपड़ों के निर्यातक टीटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय जैन ने कहा-यूरोपीय संघ इस समझौते के परिचालन पक्ष को जल्द से जल्द पूरा करना चाह सकता है। इससे न केवल भारत को बेहतर सौदा मिल सकता है बल्कि अनुसमर्थन की प्रक्रिया में भी तेजी आ सकती है। भारत और यूरोपीय संघ द्वारा 27 जनवरी को राजधानी में होने वाले शिखर सम्मेलन के दौरान मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता के समापन की घोषणा किए जाने की उम्मीद है। यह घोषणा यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन की 25 से 27 जनवरी तक होने वाली राजकीय यात्रा के साथ होगी। दोनों नेता 26 जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि भी होंगे। एक अधिकारी ने कहा-भारत के लिए एक अवसर हो सकता है क्योंकि यह अस्थिरता से भरी दुनिया में एक स्थिर व्यापारिक साझेदार है। उन्होंने चीन का उदाहरण देते हुए कहा कि वॉशिंगटन और बीजिंग के बीच व्यापारिक अनिश्चितता के बावजूद भारत का निर्यात बढ़ा है। दिसंबर में अमेरिका को भारत का माल निर्यात सालाना आधार पर 1.8% घटकर 6.88 अरब डॉलर रह गया, जबकि चीन को निर्यात सालाना आधार पर 67% बढ़कर 2.04 अरब डॉलर हो गया। 20 जनवरी, 2025 को अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद से ट्रंप ने सभी वैश्विक साझेदारों से अमेरिका द्वारा आयातित वस्तुओं पर शुल्क बढ़ा दिया है। जनवरी-नवंबर 2025 के दौरान अमेरिका को भारत का निर्यात पिछले वर्ष के 73.76 अरब डॉलर से 16% बढ़कर 85.51 अरब डॉलर हो गया। इसी अवधि में चीन को निर्यात 15% बढ़कर 13.92 अरब डॉलर से 16.03 अरब डॉलर हो गया। जनवरी-अक्टूबर 2025 के दौरान चीन से अमेरिका का आयात पिछले वर्ष की तुलना में 26% घटकर 282.72 अरब डॉलर रह गया। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन्स के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा-अगर अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच टैरिफ युद्ध शुरू होता है, तो कुछ व्यवसाय अन्य देशों में चले जाएंगे। भारत सहित बाकी साझेदार देशों को इसका फायदा होगा। अन्य देश इस स्थिति का लाभ उठाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि ब्रिटेन के साथ भारत ने पिछले जुलाई में व्यापार समझौता किया था। वह समझौते को लागू करने के लिए अनुसमर्थन प्रक्रिया में तेजी ला सकता है। नवभारत टाइम्स की एक खबर के अनुसार, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में कहा था कि यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता (FTA) Mother of All Deals साबित होगा। उन्होंने भरोसा भी दिया कि भारत इस समझौते को पूरा करने के लिए अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। प्रस्तावित समझौता पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौता होगा।

**Health is Wealth**

# बिस्तर छोड़ने की जल्दबाजी कहीं पड़ न जाए भारी!

## जानें नींद से जागते ही तुरंत जमीन पर क्यों नहीं रखने चाहिए पैर

आपने अकसर घर के बड़े-बुर्जुगों को सुबह बिस्तर छोड़ते ही सीधा जमीन पर पैर ना रखने की सलाह देते हुए कई बार सुना होगा। क्या आप जानते हैं यह कोई महज भारतीय परंपरा या कोई धार्मिक रिवाज का हिस्सा नहीं है बल्कि यह 'बायोलॉजिकल क्लॉक' को साधने की गहरी कला है। बता दें, यह उस प्राचीन विज्ञान का हिस्सा है जो जानता था कि नींद की गहराई से जागृति के संसार में कदम रखना शरीर के लिए किसी बड़े 'सिस्टम रीबूट' से कम नहीं होता है। हमारे पूर्वजों ने इस प्रक्रिया को आध्यात्मिक अनुशासन का चोला पहनाया ताकि आम इंसान अपने शरीर की सूक्ष्म ऊर्जाओं और चेतना के संतुलन को अनजाने में नुकसान न पहुंचा सकें। आज, जब आधुनिक चिकित्सा विज्ञान मानव शरीर के जटिल तंत्रों को परत-दर-परत खोल रहा है, तो यह स्पष्ट हो गया है कि ये रीति-रिवाज असल में हमारी नसों और मस्तिष्क की सुरक्षा के लिए बनाए गए बेहतरीन 'सेफ्टी प्रोटोकॉल्स थे। इसी वैज्ञानिक कड़ी को जोड़ते हुए, फोर्टिस फरीदाबाद के न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. विनीत बंगा ने इस विषय को तंत्रिका तंत्र और चिकित्सा विज्ञान के दृष्टिकोण से स्पष्ट किया है उनके अनुसार, नींद से जागने के तुरंत बाद की वह कुछ मिनटों की अवधि हमारे न्यूरॉन्स और रक्तचाप के लिए सबसे नाजुक होती है, और यहीं पर हमारी सदियों पुरानी परंपराएं एक रक्षा कवच की तरह काम करती हैं।



## नींद से जागने के तुरंत बाद पैर जमीन पर क्यों नहीं रखने चाहिए?

### 'स्लीप-वेक इनर्शिया'

डॉ. विनीत बंगा के अनुसार, जब हम गहरी नींद में होते हैं, तो हमारा शरीर पैरासिम्पैथेटिक सिस्टम (Parasympathetic System) के नियंत्रण में होता है, जिसका काम आराम और मरम्मत करना है। जागते ही मस्तिष्क को तुरंत सिम्पैथेटिक सिस्टम की ओर स्विच करना पड़ता है। डॉ. बंगा के अनुसार, यह बदलाव किसी कंप्यूटर को रीबूट करने जैसा है—जैसे सॉफ्टवेयर लोड होने में समय लेता है, वैसे ही हमारे मस्तिष्क को भी पूरी तरह 'एक्टिव' होने के लिए कुछ मिनटों की जरूरत होती है। जागते समय शरीर में कोर्टिसोल (Cortisol) हार्मोन का स्तर अचानक बढ़ने लगता है, जो हमें सतर्कता और ऊर्जा देने का काम करता है। हालांकि, इस दौरान हमारा रक्तचाप नियंत्रण और न्यूरोलॉजिकल तालमेल अभी भी 'अधूरा' ही होता है। यदि आप आंख खुलते ही झटके से बिस्तर छोड़ते हैं, तो शरीर का समन्वय (Coordination) बिगड़ सकता है। यही वह समय है जब कई लोगों को चक्कर आना, सिर में भारीपन या असमंजस (Confusion) महसूस होता है। जो विशेष रूप से बुजुर्गों या संवेदनशील व्यक्तियों के लिए तनावपूर्ण हो सकता है।

### वेगस नर्व की चुनौती

नींद के दौरान रक्तचाप स्वाभाविक रूप से कम रहता है। जागने और खड़े होने पर रक्त निचले अंगों की ओर खिंचता है, जिससे मस्तिष्क तक पर्याप्त रक्त पहुंचाने के लिए शरीर को तुरंत प्रतिक्रिया करनी पड़ती है। यह प्रक्रिया ऑटोनॉमिक नर्वस सिस्टम द्वारा नियंत्रित होती है, जिसमें वेगस नर्व की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। डॉ. बंगा बताते हैं कि अचानक स्थिति बदलने से यह तंत्र क्षणिक रूप से दबाव में आ सकता है, जिससे चक्कर या ऑर्थोस्टेटिक हाइपोटेंशन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, चिंता विकार या ऑटोनॉमिक डिसफंक्शन से ग्रस्त लोगों में यह प्रभाव अधिक स्पष्ट हो सकता है। धीरे-धीरे उठने से वेगस नर्व और हृदय गति के बीच बेहतर संतुलन बनता है और तंत्रिका तंत्र पर अनावश्यक दबाव नहीं पड़ता।

### माइंडफुल अवेकनिंग के लिए टिप्स

1. नींद से जागने की सही प्रक्रिया है कि जो तंत्रिका तंत्र को क्रमिक रूप से सक्रिय होने का समय दें। जागते ही 30–60 सेकंड तक लेटे रहकर गहरी और धीमी सांस लेना वेगस टोन को संतुलित करता है। इसके बाद हल्की स्ट्रेचिंग, गर्दन और रीढ़ की कोमल गतियां तथा कुछ देर बैठे रहना, रक्तचाप और हृदय गति को स्वाभाविक रूप से स्थिर करता है।
2. प्राकृतिक रोशनी के संपर्क में आना शरीर की सर्कैडियन रिदम को संतुलित करता है और मानसिक स्पष्टता बढ़ाता है। इसके विपरीत, तुरंत मोबाइल फोन देखने जैसी तेज मानसिक उत्तेजना तंत्रिका तंत्र पर अतिरिक्त तनाव डाल सकती है। नियमित रूप से अपनाई गई यह सरल दिनचर्या लंबे समय में तनाव सहनशीलता, हृदय स्वास्थ्य और तंत्रिका संतुलन को बेहतर बना सकती है।
3. जागते ही जमीन पर पैर न रखने की परंपरा यह दर्शाती है कि हमारे पूर्वजों की जीवनशैली केवल आस्था पर आधारित नहीं थी, बल्कि शरीर की जैविक प्रक्रियाओं की गहरी समझ पर टिकी थी। आध्यात्मिक अनुशासन और वैज्ञानिक तर्क का यह संगम आज भी हमें बेहतर स्वास्थ्य और संतुलित जीवन की दिशा दिखाता है।

Uttarpradesh

# घना कोहरा बना जानलेवा! बागपत में एक के बाद एक भिड़े 14 वाहन... मच गई चीख-पुकार

**बागपत, (एजेंसी)** उत्तर भारत में कोहरे का कहर लगातार जारी है. जिसके चलते आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं. अब उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में कोहरे के कारण दिल्ली–देहरादून कॉरिडोर एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा हो गया. यहां एक के बाद एक 14 गाड़ियां लो विजिबिलिटी के चलते टकरा गईं. जिससे गाड़ियों में सवार लोगों में दहशत फैल गई और हाईवे पर जाम लग गया. इस हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है. बताया जाता है कि हादसा मंगलवार सुबह हुआ. वीडियो में देखा जा सकता है कि एक के बाद एक 14 वाहन आपस में भिड़े हैं. वहीं हादसे के चलते एक कार के



परखच्चे भी उड़ गए हैं. हादसा मवीकलां गांव के पास हुआ. सूचना लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और गाड़ियों में अंदर फंसे लोगों को बाहर निकला. गनीमत यह रही है कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई. पुलिस ने बताया कि बागपत में कोहरे के कारण दिल्ली–देहरादून कॉरिडोर एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया. यहां 14 गाड़ियां कम दृश्यता के चलते आपस में भिड़ गईं. हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई. साथ ही हाईवे पर जाम भी लग गया. जिसके बाद क्रेन की मदद से वाहनों को सड़क से किनार कराया जा रहा है. आपको बता दें कि इससे पहले रविवार को यूपी के अमरोहा में नेशनल हाईवे-9 पर कोहरे के चलते भीषण सड़क हादसा हो गया था.

Chennai

## तमिलनाडु में थेनपेन्नई नदी महोत्सव के दौरान सिलेंडर फटा; एक की मौत, 18 लोग घायल



**चेन्नई, (एजेंसी)** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में काणम पोंगल के मौके पर आयोजित थेनपेन्नई नदी महोत्सव उस समय मातम में बदल गया, जब गुब्बारों में गैस भरने वाला एक हीलियम सिलेंडर अचानक फट गया। इस दर्दनाक हादसे में 50 वर्षीय एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बच्चों समेत 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे पहले एक पुलिस अधिकारी ने मौत की अफवाहों का खंडन करते हुए कहा था कि विस्फोट स्थल पर तीन लोग बेहोश पाए गए और उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी जांच की जा रही है। यह घटना मल्लुरपेट्टई इलाके में शाम करीब 7 बजे हुई, जब उत्सव लगभग समाप्त हो चुका था और लोग अपने-अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान बच्चों के मनोरंजन के लिए बड़े गुब्बारों में हीलियम गैस भरी जा रही थी। अचानक हुए तेज विस्फोट ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। अधिकारी ने यह भी बताया कि चार अन्य लोग भी घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना हीलियम गैस से भरे गुब्बारे बेचने वाली एक छोटी सी दुकान के अंदर हुई। बता दें कि तमिल में 'आत्रु तिरुविझा' कहलाने वाला यह त्योहार, जो अक्सर तमिल महीने 'थाई' (थाई पूसम) के पांचवें दिन विल्लुपुरम, कुड्डालोर और कल्लाकुरिची जैसे जिलों में मनाया जाता है और पोंगल फसल उत्सव के समापन का प्रतीक है, जो कि भारी भीड़ को आकर्षित करता है।

Uttarpradesh

## सहारनपुर में पांच लोगों की मौत से हड़कंप, संग्रह अमीन व परिवार के गोली लगे शव घर में पड़े मिले

**सहारनपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में सरसावा कस्बे में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक किराए के मकान में संग्रह अमीन और उनके परिवार के पांच सदस्यों के गोली लगे शव बरामद हुए। मृतकों में संग्रह अमीन अशोक (40), उनकी मां विद्यावती (70), पत्नी अंजिता (35) और दो बेटे कार्तिक (16) व देव (13) शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अशोक को कनपटी पर गोली लगी, जबकि उनकी मां, पत्नी और दोनों बेटों को माथे पर गोली मारी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार अशोक नकुड़ तहसील में संग्रह अमीन के पद पर कार्यरत था और परिवार के साथ सरसावा में किराए के मकान में रह रहा था। घटनास्थल से एक तमंचा भी बरामद किया गया है। पुलिस फिलहाल मामले को आत्महत्या की आशंका के तहत जांच रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

Karnataka

## अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद नपे DGP रैंक के अधिकारी, ऑफिस में आपत्तिजनक हरकतों के आरोप

बेंगलुरु, (एजेंसी) अश्लील वीडियो मामले में फंसे कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी के रामचंद्र राव के खिलाफ ऐक्शन हुआ है। खबर है कि उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने इन वीडियो को पूरी तरह से फर्जी और मॉर्फ्ड बताया है। उन्होंने इसे उनकी छवि खराब करने की साजिश करार दिया और वीडियो की प्रामाणिकता साबित करने के लिए फॉरेंसिक जांच की मांग की है।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, कथित रूप से महिलाओं के साथ वीडियो में आपत्तिजनक स्थिति में नजर आने के बाद राव को निलंबित कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वीडियो वायरल होने के बाद राल कर्नाटक के गृहमंत्री जी



परमेश्वर से मिलने भी पहुंचे थे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे अधिकारी राव हैं। वह सोना तस्करी मामले की आरोपी रान्या राव के पिता बताए जा रहे हैं।

खेल

# ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने किया संन्यास का एलान, कहा- अब नहीं खेल सकती

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन से सोमवार को संन्यास का एलान कर दिया। लंबे समय से घुटने की गंभीर समस्या से जूझ रही साइना ने कहा कि अब उनका शरीर एलीट स्तर के खेल की शारीरिक मांगों को सहन करने की स्थिति में नहीं है।

लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता साइना ने आखिरी बार 2023 में सिंगापुर ओपन में प्रतिस्पर्धी मैच खेला था, लेकिन उस समय उन्होंने औपचारिक रूप से संन्यास की घोषणा नहीं की थी। हाल ही में एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान उन्होंने अपने फैसले पर खुलकर बात की। साइना ने कहा, 'मैंने दो साल पहले ही खेलना बंद कर दिया था। मुझे लगा कि मैंने अपने दम पर इस खेल में कदम रखा और अपने ही फैसले से बाहर आई, इसलिए अलग



से संन्यास की घोषणा करने की जरूरत नहीं समझी।'

पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी ने बताया कि उनके घुटने की कार्टिलेज पूरी तरह घिस चुकी है और उन्हें आर्थराइटिस हो गया है, जिसकी वजह से लंबे समय तक और तेज ट्रेनिंग करना संभव नहीं रहा।

उन्होंने कहा, 'डॉक्टरों ने साफ कह दिया था कि कार्टिलेज पूरी तरह खत्म हो चुकी है। मैंने अपने माता-पिता और कोच को बता दिया था कि अब शायद मैं इसे आगे नहीं कर पाऊंगी।'

साइना ने यह भी कहा कि लोगों को धीरे-धीरे खुद ही समझ आ जाएगा कि वह अब खेल नहीं रही हैं। उन्होंने कहा, 'अगर आप खेलने लायक नहीं हैं, तो वहीं रुक जाना चाहिए। इसमें कोई बुराई नहीं है।'

उन्होंने बताया कि जहां पहले वह दिन में 8-9 घंटे ट्रेनिंग कर पाती थीं, वहीं अब एक-दो घंटे में ही घुटने सूज जाते थे। उन्होंने आगे कहा, 'अब मेरा घुटना पहले जैसा साथ नहीं दे पा रहा था। इसलिए मैंने तय किया कि अब बस, और नहीं।'

साइना का करियर रियो ओलंपिक 2016 के दौरान लगी घुटने की गंभीर चोट से काफी प्रभावित हुआ। हालांकि, उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 2017 में विश्व चैंपियनशिप का कांस्य पदक और 2018 में कॉमनवेल्थ गेम्स का स्वर्ण पदक जीता, लेकिन घुटने की समस्या बार-बार उनके रास्ते में आती रही। 2024 में साइना ने खुलासा किया था कि उन्हें घुटनों में आर्थराइटिस है और कार्टिलेज पूरी तरह घिस चुकी है, जिससे शीर्ष स्तर पर खेलना लगभग असंभव हो गया है।

सिनेमा

## शादी के 5 साल बाद टूट रहा नेहा कक्कड़ का घर? तोड़ी चुप्पी, बोलीं- मेरे पति...



सिंगर नेहा कक्कड़ की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने हंगामा मचा दिया है. नेहा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए कहा कि वो रिश्तों और काम से ब्रेक ले रही हैं. इसके बाद से कयास लगाए जाने लगे कि वो तलाक ले रही हैं. इससे पहले उनकी शादीशुदा जिंदगी पर ज्यादा बातें होतीं, उन्होंने तलाक को लेकर चुप्पी तोड़ी है. नेहा कक्कड़ ने रोहनप्रीत सिंह संग तलाक की अफवाहों पर रिएक्ट किया है. उन्होंने मामले पर सफाई देते हुए लोगों से गुजारिश की कि उनके पति या फैमिली को इस मामले में मत घसीटो. सिंगर ने अपनी पोस्ट में लिखा कि कृपया मेरे मासूम पति या मेरी सबसे प्यारी फैमिली को इन सबसे दूर रखो. वो सबसे साफ-सुथरे लोग हैं, जो मुझे पता है और जो कुछ भी मैं आज हूं, वो उनके सपोर्ट की वजह से है. आगे वो कहती हैं कि मुझे कुछ और लोगों और सिस्टम से गुस्सा है. उम्मीद करती हूं कि आप समझ गए होंगे कि मैं किसकी बात कर रही हूं. मेरे पति और फैमिली को इसमें मत शामिल करो. हां, मैं मानती हूं कि सोशल मीडिया पर पोस्ट करते वक्त इतना इमोशनल नहीं होना चाहिए. क्योंकि मीडिया को पता है कि राई का पहाड़ कैसे बनाया जाता है. खैर सबक मिल गया है. अब से मैं अपनी निजी जिंदगी के बारे में बिल्कुल बात नहीं करने वाली भाईसाहब.

**Highlights**

1. ₹2cr worth gold seized, B'desh national arrested at Mumbai airport
2. What is Responsible Nations Index launched by India?
3. Jamaat chief calls boards barring non-Hindus in Haridwar 'communal'
4. 44 arrested after post-poll violence erupts in Maha's Bhiwandi
5. Thousands march in Maha's Palghar against Vadhvan port project

# IKEA plans to double India investment to $2.2 billion over next five

**NEW DEIHI, (Agency).** IKEA will more than double its investment in India to more than ₹20,000 crore in the next five years to open more stores and increase sourcing locally.



The Swedish furniture maker, which opened its first India store in Hyderabad in 2018, will begin accepting online orders in four other cities where it currently does not have a physical presence, including Chennai and Coimbatore.

"(India) is not a large IKEA country yet...but the belief in India is very strong that it will be one of our top markets," said IKEA India's Chief Executive Officer Patrik Antoni told Reuters.


IKEA's India sales rose 6% to ₹1,861 crore in the year ended August 2025, and Antoni said it plans to quadruple it, including by expanding store count to 30. The company plans to start online operations before opening a physical store in new cities—a first for IKEA globally—as young consumers shop online more to beat traffic. IKEA will also double production for domestic stores and exports to €800 million, Antoni said.

IKEA's move to double down on India comes as global brands ramp up export production in India to cut costs, while consumer majors from shoemaker Asics to carmaker VinFast Auto also step up sourcing to meet domestic demand.

US President Donald Trump doubled tariffs on imports from India to as much as 50% last year on some goods, forcing many industries to find new clients in other countries. Antoni, however, said that it has not affected IKEA's Indian suppliers much, as the brand, which has most of its stores in Europe, ships more to other markets.

# Ola Electric brings in new CFO as Harish Abichandani exits abruptly

**NEW DEIHI, (Agency).** Ola Electric Mobility Ltd. has appointed Deepak Rastogi as its new chief financial officer, replacing Harish Abichandani who has resigned abruptly. The change is effective 20 January 2026.




"I am hereby submitting my resignation as chief financial officer of Ola Electric Mobility Limited. This decision has been taken due to personal reasons," wrote Abichandani in his resignation letter dated 19 January. "It has been a wonderful experience to be part of Ola's journey under your visionary leadership. I thank the entire Ola Team and the board for their support and guidance and wish Ola success!"

Abichandani had been Ola Electric CFO since November 2023. It was under him that the company led by Bhavish Aggarwal went public in a blockbuster debut in 2024. But since then, Ola Electric has grappled with stalling sales which led the firm to cut its revenue forecast in November last year.

Against that backdrop, Rastogi joins Ola Electric as CFO from Puravankara Ltd. He was responsible for the financial functions of the real-estate firm.

# बातों में लगाकर ई-रिक्शा में निकाल लीं हाथों से चूड़ियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चोइथराम क्षेत्र में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला के साथ संजय सेतु के सामने ठगी की वारदात सामने आई है। आरोपियों ने 10 रुपए में रानीपुरा से चोइथराम छोड़ने का झांसा देकर महिला को ई-रिक्शा में बैठाया और रास्ते में बातों में उलझाकर उसकी चूड़ियां उतार लीं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।**



घटना रावजी बाजार थाना क्षेत्र की है। पीड़िता 65 वर्षीय साधना निवासी चोइथराम ने पुलिस को बताया कि वह रानीपुरा में प्लास्टिक की ट्रे खरीदने आई थी। वापस घर जाने के लिए वह ई-रिक्शा का इंतजार कर रही थी, तभी एक ई-रिक्शा चालक वहां आया और 10 रुपए में चोइथराम छोड़ने की बात कही। महिला के अनुसार ई-रिक्शा में पहले से एक युवक आगे बैठा हुआ था। कुछ दूर चलने के बाद जब ई-रिक्शा संजय सेतु पर पहुंचा और वहां पुलिसकर्मियों को देखा तो चालक ने आगे बैठे युवक से पीछे आकर बैठने को कहा। इसके बाद युवक बुजुर्ग महिला के पास सटकर बैठ गया। आरोप है कि इसके कुछ देर बाद ई-रिक्शा चालक ने साधना से कहा कि वह कुछ काम से पांच मिनट में वापस आ रहा है और उसे वहीं उतार दिया। इसके बाद चालक ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया। कुछ देर बाद जब महिला का ध्यान अपने हाथों पर गया तो दोनों चूड़ियां गायब थीं। पीड़िता ने आसपास खड़े लोगों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर पीसीआर वैन पहुंची और महिला को रावजी बाजार थाने ले जाया गया। साधना ने बताया कि ई-रिक्शा में चार युवक और एक युवती सवार थे। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है और ई-रिक्शा व उसके सवारों की तलाश की जा रही है।

### आइसर गाड़ी में बैठकर शराब पी रहे थे आरोपी

# टोकने पर यातायात पुलिसकर्मी पर हमला

**इंदौर। कनाड़िया थाना क्षेत्र में रविवार रात ड्यूटी पर तैनात एक यातायात पुलिस आरक्षक के साथ शराब पी रहे आरोपियों ने मारपीट कर दी। आरोपियों ने आरक्षक के सिर पर पत्थर मारकर उसे घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर कनाड़िया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**



घटना बिचौली मर्दाना इलाके की है। यातायात पुलिस आरक्षक अनुराग पुत्र महेश शर्मा निवासी स्कीम नंबर 136 की रात में अंडरपास ब्रिज के पास यातायात व्यवस्था संभालने के लिए ड्यूटी लगाई गई थी। ब्रिज के पास जाम की स्थिति बनने पर अनुराग पैदल चलकर वाहनों को हटवा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक आईसर वाहन को सड़क किनारे खड़ा देखा, जिसमें कुछ लोग शराब पीते हुए रास्ता बाधित कर रहे थे। आरक्षक ने उन्हें टोका और वाहन हटाने के लिए कहा। इस पर वाहन मालिक और उसमें बैठे दो युवक विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने पर अनुराग ने पुलिस एफआरवी को कॉल करने के लिए अपना मोबाइल निकाला, तभी आरोपियों ने उसके साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इसी दौरान एक आरोपी ने पत्थर उठाकर अनुराग के सिर पर वार कर दिया। हमले के बाद तीनों आरोपी वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। घायल आरक्षक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, कनाड़िया पुलिस वाहन के नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# मानसिक रूप से कमजोर युवती से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने 22 वर्षीय युवती की शिकायत पर पड़ोसी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।**



पुलिस के अनुसार आरोपी गणेश पुत्र धन्नालाल कहार निवासी आस्था पैलेस ने युवती से रेप करने की कोशिश की। पीड़िता के माता-पिता रविवार को निजी काम से खंडवा गए हुए थे, जबकि उसका भाई भी काम के सिलसिले में बाहर गया था। इसी दौरान युवती घर पर अकेली थी। आरोप है कि पड़ोसी गणेश घर में घुस गया और युवती को कमरे में ले जाकर जबरन उसके कपड़े उतारने लगा। इसी बीच युवती का भाई अचानक घर पहुंच गया, जिसे देखते ही आरोपी मौके से भाग निकला। युवक ने घटना की जानकारी अपने माता-पिता को मोबाइल पर दी। इसके बाद माता-पिता इंदौर पहुंचे और बेटी को लेकर द्वारकापुरी थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया। बताया गया है कि आरोपी निजी कंपनी में काम करता है और उसके दो बेटे हैं। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जब वे उसे लेकर थाने पहुंचे तो वहां मौजूद महिला पुलिसकर्मी ने उनकी बात ठीक से नहीं सुनी और उल्टे सवाल-जवाब किए। हालांकि, बाद में युवती को कमरे में ले जाकर पूछताछ की गई और उसके बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई।

# एक्टिवा से जा रही महिला से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र की कृष्णा बाग कॉलोनी में भी रविवार रात अपनी एक्टिवा से जा रही 32 साल की महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर देवेश पुत्र शैलेन्द्र कौशल और उसके साथ सोनू के खिलाफ कमेंट्स करने, अश्लील इशारे करने और अपशब्द कहने के मामले में एफआईआर की गई है। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी एक्टिवा से जा रही थी। तभी आरोपी ने उसे अश्लील इशारे और कमेंट्स किया। जब वह इसका विरोध करने रुकी तो आरोपियों ने अपशब्द कहना शुरू कर दिए। पीड़िता के मुताबिक वह विजयनगर निजी काम से गई थी। वहीं से अपने घर की तरफ आ रही थी। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।



आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक